# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई

## विज्ञापन क्र. सीआरपीडी/पीओ/2014-15/01

## भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारियों की भर्ती

**आवेदन पत्र का ऑनलाइन पंजीकरण : 07.04.2014**

**फीस का भुगतान- ऑनलाइन : 07.04.2014 से 25.04.2014**

**फीस का भुगतान- ऑफलाइन : 10.04.2014 से 28.04.2014**

**भर्ती परीक्षा अंतरिम रूप से जून 2014 में आयोजित की जाएगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in देखें. परीक्षा की विस्तृत जानकारी नीचे के रूप में बिन्दु क्र. 4 चयन प्रक्रिया में दिया गया है.**

भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारियों (पीओएस)की नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है.

**रिक्त-पद:**

| रिक्त-पद | | | | | रिक्त-पद (पीडब्ल्यूडी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एससी | एसटी | ओबीसी* | सामान्य | कुल | वीएच | ओएच | कुल |
| 235 | 439 | 405 | 758 | 1837 | 29 | 31 | 60 |

बैकलॉग रिक्त-पद ऊपर उल्लिखित कुल रिक्त-पदों में शामिल हैं।

| एससी | एसटी | ओबीसी* | कुल | वीएच | ओएच |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 327 | - | 337 | 7 | 9 |

***ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त-पद "गैर-क्रीमी लेयर" से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है. "क्रीमी लेयर" ओबीसी उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' के रूप में दर्शाना चाहिए.**

ओएच और वीएच वर्ग के उम्मीदवारों के लिए रिक्त-पद समस्तर पर सुरक्षित है. आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्त-पद अनंतिम हैं और बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार इनमें परिवर्तन हो सकता है।

1. **पात्रता मापदंड:**

**(अ) आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएँ: (10.08.2014 पर)**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त इसी तरह की अन्य कोई समकक्ष योग्यता.

स्नातक के अंतिम वर्ष और अंतिम सेमेस्टर के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं, यह इस शर्त के अध्यधीन है कि अगर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें 10.08.2014 को या उससे पूर्व स्नातक होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा जिन उम्मीदवारों के पास एकीकृत दोहरी डिग्री (आईडीडी) प्रमाणपत्र है, तो वे 10.08.2014 को या उससे पूर्व आईडीडी उत्तीर्ण होने की तारीख सुनिश्चित करें.

**टिप्पणी:** पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि अंकतालिका या विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र पर अंकित तिथि होगी. यदि एक विशेष परीक्षा के परिणाम विश्वविद्यालय / संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाता है, तो विश्वविद्यालय / संस्थान के उचित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र जो वेबसाइट पर परिणाम उपलब्ध कराने की तिथि दर्शाता है, वह पात्र होने की तिथि के रूप में स्वीकार की जाएगी.

**(ब) आयु सीमा: (01.04.2014 को)**

21वर्षों से कम नहीं और 01.04.2014 को 30 वर्षों से अधिक नहीं, अर्थात उम्मीदवार 02.03.1984 से पहले और 01.03.1993 के बाद जन्मा नहीं होना चाहिए (दोनों तारीखें शामिल है).

**ऊपरी आयु सीमा में छूट**

| अ.क्र. | श्रेणी | आयु छूट |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़ा वर्ग "गैर-क्रीमी लेयर" | 3 वर्ष |
| 3. | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (एससी/एसटी)- 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (ओबीसी)- 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य)- 10 वर्ष |
| 4. | भूतपूर्व सैनिक, कमीशन अधिकारी आपातकालीन कमीशन्ड अधिकारियों सहित(ईसीओएस) / शॉर्ट सर्विस कमीशन्ड अधिकारी (एसएससीओएस) जिन्होंने 5 वर्ष की सैन्य सेवा प्रदान की है और काम पूरा होने के बाद जारी किया गया है (इनमें वे भी शामिल होंगे जिनका आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से एक वर्ष के भीतर काम पूरा हो जाएगा) कदाचार या अकार्यक्षमता या शारीरिक अशक्तता के कारण सैन्य सेवाओं से निकाले गए या सेवा से बरखास्त किए गए व्यक्तियों को यह छूट प्राप्त नहीं होगी। | 5 वर्ष |
| 5. | सामान्यत: जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक रहनेवाले व्यक्ति | 5 वर्ष |

**टिप्पणी: उपरोक्त मदों के तहत या किसी भी अन्य मदों के संयोजन में संचयी आयु में छूट उपलब्ध नहीं होगी.**

2. **अस्थि कमजोर (ओएच)/दृष्टि कमजोर (वीएच) उम्मीदवारों के लिए टिप्पणियाँ:**

ओएच/वीएच उम्मीदवार जो संबंधित अशक्तता के 40 % से कम पीड़ित न हो ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख को या उससे पहले उनके पास विधिवत केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया अशक्तता प्रमाणपत्र होना चाहिए.

अ) सिर्फ़ वही ओएच उम्मीदवार जो चलने – फिरने में असमर्थ हो या जिन्हें मस्तिष्क पक्षाघात न्यूनतम 40 % हो और सिर्फ़ वही जो निम्नलिखित श्रेणी में आते हैं, वे आवेदन के लिए पात्र हैं.

एमडब्ल्यू - मांसपेशियों में कमजोरी और सीमित शारीरिक सहनशक्ति

ओएल- एक पैर प्रभावित (दाहिना या बाया)

बीएल- दोनों पैर प्रभावित लेकिन हाथ प्रभावित नहीं

ओए- एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बाया) (अ) चलने –फिरने में असमर्थता

(ब) पकड़ की कमजोरी

(क) अलेक्सिया

ब) सिर्फ़ वही दृष्टि कमजोर व्यक्ति जो निम्नलिखित स्थितियों से ग्रस्त हैं , आवेदन के लिए पात्र हैं.

i) संपूर्ण दृष्टि का अभाव

ii) वास्तव में दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आँखों में 6/60 या 20/200(सेलेन) से अधिक नहीं होनी चाहिए.

iii) दर्शन क्षेत्र की सीमा विरूद्ध दिशा में 20 डिग्री का कोण बनाती हो या उससे कम

स) विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा और पूर्ण भागीदारी)अधिनियम, 1995 के अध्याय 1, अनुच्छेद 2 (यू) परिभाषित उम्मीदवार जिनके पास कम दृष्टि है.

द) लिखित परीक्षा के समय, सिर्फ़ नेत्रहिन / कम दृष्टि उम्मीदवार और वे उम्मीदवार जिनकी लेखन गति मस्तिष्क पक्षाघात से प्रभावित है, वे अपने स्वयं के खर्च पर लेखक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे मामलों में जहाँ एक लेखक का इस्तेमाल किया गया हो निम्नलिखित नियम लागू होंगे;

i) उम्मीदवार को अपने स्वयं के खर्च पर अपने लेखक की व्यवस्था करनी होगी.

ii) उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उपयुक्त वचन देना होगा.

iii) परीक्षा के लिए लेखक का इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार ही परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट तथा/अथवा उसके भाग के लिए प्रतिपूरक समय हेतु पात्र होंगे बशर्ते कि वह उम्मीदवार वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक दोनों परीक्षाओं के लिए लेखक का इस्तेमाल करता हो.

3. **श्रेणी**

ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी नाम और श्रेणी कोड संख्या लिखने के लिए निर्देश.

**जो उम्मीदवार ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन "क्रीमी लेयर" में आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण और आयु सीमा में छूट के हकदार नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या 'सामान्य (ओएच)' या 'सामान्य (वीएच)' (के रूप में लागू) दर्शानी होगी.**

विभिन्न श्रेणियों के नाम और उनकी कोड संख्या नीचे दी गई हैं.

कृपया ध्यान दें कि, ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के बाद किसी भी स्तर पर श्रेणी में बदलाव करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

| श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एससी | 01 | एसटी | 04 | ओबीसी | 07 | सामान्य | 10 |
| एससी(ओएच) | 02 | एसटी(ओएच) | 05 | ओबीसी(ओएच) | 08 | सामान्य(ओएच) | 11 |
| एससी(वीएच) | 03 | एसटी(वीएच) | 06 | ओबीसी(वीएच) | 09 | सामान्य(वीएच) | 12 |

4. **चयन प्रक्रिया:**

**चरण I: 200 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा और 50 अंकों के लिए वर्णनात्मक परीक्षा के अनुसार परीक्षा होगी. वस्तुनिष्ठ परीक्षा ऑनलाइन होगी. वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तुरंत बाद वर्णनात्मक परीक्षा शुरू की जाएगी. उम्मीदवारों को वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब पेपर/पेन प्रकार में देनी होगी.**

(i) **वस्तुनिष्ठ परीक्षा:** वर्णनात्मक परीक्षा 2 घंटों की अवधि के साथ 4 खंडों में होगी, हर खण्ड को 50 अंक (कुल 200 अंक)निम्नानुसार होंगे:

अ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षा (व्याकरण, शब्दावली और समझ आदि)

ब) सामान्य जागरूकता, विपणन और कंप्यूटर संबंधी परीक्षा

क) डेटा विश्लेषण और व्याख्यात्मक परीक्षा

ड) तर्क संबंधी परीक्षा (उच्च स्तर)

उम्मीदवार को हर परीक्षा में बैंक द्वारा तय किए गए उत्तीर्ण अंकों के साथ योग्यता प्राप्त करनी आवश्यक है.

(ii) **वर्णनात्मक परीक्षा:** वर्णनात्मक परीक्षा 1 घंटे की अवधि (50 अंक)के साथ "अंग्रेजी भाषा की परीक्षा (समझ, संक्षेपसार, पत्र लेखन और निबंध)" की होगी.

उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षा में बैंक द्वारा तय किए गए उत्तीर्ण अंकों के साथ योग्यता प्राप्त करनी आवश्यक है.

**केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक परीक्षा पेपर का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने वस्तुनिष्ठ परीक्षा में योग्यता पायी है और वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल अंकों के अनुसार पर्याप्त रूप से उच्च स्तर पर रखे गए हों.**

**चरण II: समूह चर्चा (20 अंक) और साक्षात्कार (30 अंक)**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा दोनों में अर्हता पाने वाले उम्मीदवारों के कुल अंक प्रत्येक श्रेणी में अवरोही क्रम में रखे जाएंगे. समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा जिसके बारे में बैंक द्वारा निर्णय लिया जाएगा. समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

**'ओबीसी' श्रेणी के अंतर्गत समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए योग्य उम्मीदवार को "गैर-क्रीमी लेयर" खंड वाले ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा. "गैर-क्रीमी लेयर" खंड वाला ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने वाले और सामान्य श्रेणी के अंतर्गत साक्षात्कार लेने का अनुरोध करने वाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**अंतिम चयन**

उम्मीदवारों को चरण I और चरण II दोनों में अलग से अर्हता प्राप्त करनी होगी.

लिखित परीक्षा (250 अंक) में से उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 75 में परावर्तित किए जाते हैं और समूह चर्चा और साक्षात्कार (50 अंक) में से प्राप्त अंक 25 में परावर्तित किए जाते हैं. प्रत्येक श्रेणी के लिए 100 में से लिखित परीक्षा और समूह चर्चा और साक्षात्कार के परावर्तित अंक संचित करने के बाद अंतिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी.

प्रत्येक श्रेणी में टॉप मेरिट में स्थान पाने वाले उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा.

चरण II के लिए योग्य उम्मीदवारों के परिणाम और अंतिम चयनित उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध की जाएगी. अंतिम चयन सूची एम्प्लॉयमेंट न्यूज / रोजगार समाचार में प्रकाशित की जाएगी.

5. **परीक्षा जून 2014 महीने में आयोजित होगी (अनंतिम रूप से). परीक्षा केंद्रों की सूची अनंतिम बिन्दु क्र.: 12 में दी गई है.**

**उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र का नाम चुनना होगा जहाँ उन्हें परीक्षा देने की इच्छा है. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र के विकल्प में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा. बैंक के पास किसी भी केंद्र को शामिल करने या हटाने का या अपने निर्णय से परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.**

6. **परिलब्धियाँ:**

वेतन: शुरूआती मूल वेतन ₹16,900/- (4 वेतन वृद्धि के साथ) ₹14500-600/7-18700-700/2-20100 800/7-25700 के वेतनमान में कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल 1 के लिए. कर्मचारी डी.ए.,एच.आर.ए और सी.सी.ए के लिए भी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार पात्र होंगे. मुंबई में प्रतिवर्ष मुआवजा लगभग ₹8,40,000/- है. मासिक मुआवजे का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| नकद घटक | ₹34,320/- |
| पीएफ के लिए बैंक का योगदान | ₹1,690/- |
| आवास (पट्टा किराए पर) | ₹ 29,500/- |
| अनुलाभ (वाहन, अखबार, मनोरंजन भत्ता, घर और फर्नीचर रखरखाव आदि) | ₹ 4,130/- |

इसके अलावा, कर्मचारी अन्य लाभों के भी हकदार होंगे जैसे-

(i) डाक्टरी सहायता स्वयं के लिए (100 %) और परिवार के लिए (75 %)

(ii) घर यात्रा रियायत / अवकाश किराया रियायत

(iii) घर / वाहन / पर्सनल ऋणों के लिए रियायती ब्याज दरें

वेतनमान नवम्बर 2012 से संशोधन के अध्यधीन है.

**कैरियर पाथ**

प्रोबेशनरी अधिकारी दो वर्ष की प्रोबेशन अवधि पर रहेंगे जिसके दौरान उन्हें उनके प्रोबेशन/प्रशिक्षण अवधि तक गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा, वह स्क्रीनिंग प्रक्रिया के अधीन होंगे. जबकि वे उम्मीदवार जिन्होंने पूर्व निर्धारित मानकों को प्राप्त किया है, उन्हें स्थायी किया जा सकता है और अगली उच्च श्रेणी यानी अधिकारी मध्य क्रम प्रबंधन श्रेणी II में नियुक्ति दी जा सकती है, अन्य उम्मीदवार जिन्होंने परीक्षा में अर्हता प्राप्त की है लेकिन मध्य क्रम प्रबंधन श्रेणी II में नियुक्ति के मानकों को प्राप्त करने में असफल रहे हैं, उनको अधिकारी कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी I के रूप में स्थायी किया जाएगा. इस प्रक्रिया में अर्हता प्राप्त करने में असफल रहे अधिकारियों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी.

बैंक में विकास के लिए बैंक अपार अवसर उपलब्ध कराता है जिसमें विदेश में पोस्टिंग के अवसर भी शामिल है. बैंक की आकर्षक पदोन्नति नीति सराहनीय और असाधारण प्रतिभाशाली अधिकारियों के यथोचित कम समय में शीर्ष प्रबंधन श्रेणी तक पहुँचने के लिए अवसर प्रदान करती है.

7. **आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय)**

| अ.क्र. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | एससी /एसटी /पीडब्ल्यूडी | ₹ 100/- (सिर्फ़ सूचना प्रभार) |
| 2. | सामान्य और अन्य | ₹ 500/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

एक बार भुगतान किया हुआ आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा न ही किसी अन्य परीक्षा अथवा चयन के लिए इसे आरक्षित रखा जाएगा.

जारी : पृष्ठ: 2 पर

8. एसबीआई भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप एससी/एसटी/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए कुछ केन्द्रों पर पूर्व-परीक्षा प्रशिक्षण की व्यवस्था कर सकता है. उपरोक्त श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जो स्वयं अपने खर्च से इस तरह के प्रशिक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, वे ऑन-लाइन आवेदन करते समय संबंधित स्तंभ (कॉलम) के सामने इस आशय को दर्शाएं. प्रशिक्षण केन्द्रों की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगरतला | आगरा | अहमदाबाद | आइजोल | अकोला | इलाहाबाद |
| आसनसोल | औरंगाबाद | बरेली | भुवनेश्वर | ब्रह्मपुर (गंजम) | |
| भोपाल | बंगलौर | चंडीगढ़ | चेन्नई | कोयंबतूर | देहरादून |
| डिब्रूगढ़ | एर्णाकुलम | गंगटोक | गोरखपुर | गुलबर्गा | गुवाहाटी |
| हुबली | हैदराबाद | इम्फाल | इंदौर | इटानगर | जबलपुर |
| जयपुर | कानपुर | कोहिमा | कोलकाता | लखनऊ | मदुराई |
| मेरठ | मुंबई | मैसूर | नागपुर | नई दिल्ली | पणजी (गोवा) |
| पटना | पोर्ट ब्लेयर | पूर्णिया | पुणे | रायपुर | राँची |
| संबलपुर | सिलचर | सिलीगुड़ी | शिलांग | श्रीनगर | तिरुपति |
| वडोदरा | वाराणसी | विशाखापट्टनम | विजयवाड़ा | | |

बैंक अतिरिक्त केंद्रों को जोड़ सकता है या प्रशिक्षण के लिए दर्शाए गए केंद्रों में से कुछ को निकाल सकता है.

पूर्व-परीक्षा प्रशिक्षण का विकल्प देने वाले उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट से 26.05.2014 से अपना पंजीकरण क्रमांक और पासवर्ड/जन्म दिनांक दर्ज करके प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करें. कॉल लेटर की कोई हार्ड कॉपी डाक से नहीं भेजी जाएगी.

9. **अवसरों की संख्याः**

| श्रेणी | अवसरों की संख्या |
|---|---|
| सामान्य | 4 |
| सामान्य (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| ओबीसी | 7 |
| ओबीसी (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| एससी/एससी(पीडब्ल्यूडी)/एसटी/एसटी (पीडब्ल्यूडी) | कोई प्रतिबंध नहीं |

सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार जो एसबीआई के लिए पीओ की भर्ती परीक्षा में चौथीबार उपस्थित हुए हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं. सामान्य और सामान्य (पीडब्ल्यूडी), ओबीसी और ओबीसी (पीडब्ल्यूडी) से संबंधित उम्मीदवारों के अवसरों को 18.04.2010 को हुई परीक्षा से गिना जाएगा.

10. **आवेदन कैसे करें:**

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा-निर्देशः

उम्मीदवारों को पहले बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से खुद का ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है. उसके बाद के उम्मीदवारों को अपेक्षित आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है: निम्नलिखित विधियों में किसी एक माध्यम से:

(i) ऑफलाइन विधिः प्रणाली उम्मीदवारों के विवरणों के साथ पूर्व मुद्रित एक कैश वाउचर/ चालान फार्म उत्पन्न करेगी जो अपेक्षित शुल्क के साथ भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा के काउंटर पर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा. कंप्यूटर जनित चालान फार्म के माध्यम से अपेक्षित शुल्क के भुगतान करने पर, ऑनलाइन आवेदन का पंजीकरण पूरा होगा.

(ii) ऑनलाइन विधिः डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्व-जरूरी बातें:**

उम्मीदवार के पास अपनी वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. ई-मेल के जरिए उसे बुलावा पत्र/साक्षात्कार आदि के लिए सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**विकल्प I: शुल्क का भुगतान (ऑफलाइन):**

i) उम्मीदवार पहले अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर, फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देशों के अनुसार स्कैन करें.

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in पर जाएं और 'रिक्रूटमेंट लिंक' में उपलब्ध सही ऑनलाइन आवेदन प्रारूप को खोलें.

iii) आवेदन ध्यानपूर्वक पढ़ें. एक बार आवेदन पत्र पूर्णतः भरने पर, उम्मीदवार डेटा सबमिट करें. यदि आवेदक एक बार में डेटा नहीं भर पाते हैं, भरे हुए डेटा को सुरक्षित (सेव) कर लें. डेटा सुरक्षित होने पर प्रणाली द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड उत्पन्न होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. उम्मीदवार को अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड नोट करना होगा. यदि जरूरत हो, तो वे पंजीकरण नंबर और पासवर्ड के माध्यम से सुरक्षित किया हुआ डेटा फिर से खोल सकते हैं और विवरणों में परिवर्तन कर सकते हैं. यह सुविधा केवल तीन बार के लिए उपलब्ध होगी. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने पर उम्मीदवार डेटा सबमिट करें और तुरंत प्रणाली द्वारा निर्मित शुल्क भुगतान चालान का प्रिंट आउट ले लें. उसके बाद कोई भी परिवर्तन / संशोधन स्वीकार नहीं होगा. इस चरण पर यह पंजीकरण प्रक्रिया अनंतिम है.

iv) शुल्क भुगतानः पंजीकरण तिथि के बाद दूसरे कार्य दिवस से शुल्क भुगतान स्वीकार किया जाएगा और तीन कार्य दिवस के अंदर भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा के अंदर भुगतान किया जा सकेगा. जिन उम्मीदवारों ने पंजीकरण का विकल्प चुना है, उन्हें निश्चित रूप से 28.04.2014 को शुल्क जमा करना आवश्यक है. शुल्क जमा करने के लिए प्रणाली द्वारा तैयार शुल्क भुगतान चालान को काम में लिया जाएगा.शुल्क का भुगतान होते ही पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो जाएगी.

v) शुल्क भुगतान की तारीख से तीन कार्य दिवसों के बाद एसएमएस/ई-मेल द्वारा उम्मीदवारों को पंजीकरण पुष्टि प्राप्त होगी. कृपया पंजीकरण पुष्टि प्राप्त करने के लिए सही मोबाइल नंबर/ ई-मेल पता सुनिश्चित करें.

vi) शुल्क विवरण सहित प्रस्तुत आवेदन पत्र पुनः प्रिन्ट करने का प्रावधान भी शुल्क भुगतान के तीन दिन बाद उपलब्ध होगा. आवेदन पत्र और शुल्क की रसीद की प्रिन्ट आउट उम्मीदवार अपने संदर्भ के लिए अपने पास रखें.

**विकल्प II: शुल्क का भुगतान (ऑनलाइन):**

I. **ऊपर विकल्प – 1 के i) से iii) तक के अनुदेशों के अनुसार आवेदन विवरण भरें.**

शुल्क भुगतान चालान प्रणाली द्वारा तैयार नहीं होगा.शुल्क भुगतान वहाँ उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा.

II. आवेदन पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवार को स्क्रीन पर उपलब्ध अनुदेशों के अनुसार आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके पश्चात कोई परिवर्तन / संशोधन अनुमत नहीं किया जाएगा.

III. स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है. ऑनलाइन लेनदेन व्यय, अगर कोई है, तो उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा.

IV. लेनदेन के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उम्मीदवार द्वारा दर्ज किए गए डेटा के साथ ई-रसीद और आवेदन पत्र प्राप्त हो जाएगा जो रेकार्ड के लिए मुद्रित किया जा सकता है. आवेदन पत्र का प्रिंट आउट बैंक को नहीं भेजा जाता है.

V. यदि ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया फिर से पंजीकरण करें और ऑनलाइन भुगतान करें.

VI. बाद में शुल्क विवरणों के साथ रसीद और आवेदन पत्र फिर से मुद्रित करने का प्रावधान भी है.

11. **फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को अनुलग्नक – I में निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) इमेज बनानी होगी. जब तक उम्मीदवार का फोटो और हस्ताक्षर निर्धारित रूप से अपलोड नहीं होता, तब तक उनका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा.

**कृपया ध्यान दें:**

क. यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

ख. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार आवेदन में परिवर्तन कर सकता है और अपना फोटोग्राफ या हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकता है.

ग. उम्मीदवारों को आवेदन सबमिट करने के बाद उनको प्रणाली से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने की सलाह दी जाती है .

घ. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान 07.04.2014 से 25.04.2014 तक उपलब्ध रहेगा. ऑफलाइन भुगतान के लिए कैश जमा करने की अंतिम तिथि 28.04.2014 होगी.

ङ. उम्मीदवार जो सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत हैं, उनको साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा खर्च, यदि कोई हो, अन्यथा स्वीकार्य हो, भुगतान नहीं किया जाएगा.

च. चयन के मामले में, उम्मीदवारों की नियुक्ति के समय नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

छ. यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो एससी/एसटी उम्मीदवारों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

ज . ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रारूप में इस आशय की एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि वह 25.04.2014 को क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है.

यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो ऐसे उम्मीदवारों द्वारा 01.04.2014 से साक्षात्कार की तारीख तक के अवधि के दौरान जारी 'गैर क्रीमी लेयर' खंड वाला ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

झ. **लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर (बुलावा पत्र):**

उम्मीदवारों को 30.05.2014 से बैंक की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड/जन्मतिथि दर्ज करके अपना कॉल लेटर तथा "एक्वेंट यूवरसेल्फ" पुस्तिका को डाउनलोड करना होगा. **डाक से कॉल लेटर / "एक्वेंट यूवरसेल्फ" पुस्तिका की हार्ड कॉपी नहीं भिजवायी जाएगी.**

ञ. **परीक्षा के समय पहचान का प्रमाण प्रस्तुत करना होगाः**

उम्मीदवार अपने साथ फोटो वाला पहचान का प्रमाण जैसे कि पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइवींग लाइसेंस / मतदाता पहचान पत्र /सत्यापित फोटोग्राफ वाला बैंक पासबुक /स्कूल या कॉलेज द्वारा जारी परिचय पत्र /राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपने शासकीय लेटर हेड में जारी परिचय-पत्र मूल रूप में तथा सत्यापित फोटोकॉपी लेकर आएं. बुलावा पत्र के साथ पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी परीक्षा हॉल में परीक्षा पर्यवेक्षक के पास प्रस्तुत की जानी चाहिए, ऐसा न करने पर या किसी उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर, उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

ट. **कदाचार में दोषी उम्मीदवारों के विरूद्ध कार्रवाई:**

उम्मीदवारों को सावधान किया जाता है कि आवेदन पत्र भरते समय ऐसे कोई विवरण न दें जो झूठे हों, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई हो / मनगढ़ंत हों और वे कोई भी जानकारी न छिपाएँ.

लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय यदि कोई उम्मीदवार

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग या (ii) किसी और के नाम पर परीक्षा देने का या किसी और को अपने नाम से परीक्षा देने के लिए भेजना (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार या (iv) चयन हेतु अपनी उम्मीदवारिता संबंध में किसी अनियमित एवं अनुचित साधनों का प्रयोग (v) किसी भी अनुचित साधनों द्वारा अपनी उम्मीदवारिता के लिए सहारा लेने में दोषी पाए जाते हैं, तो ऐसे उम्मीदवार आपराधिक मुकदमे हेतु उत्तरदायी होने के साथ साथ

ए) जिस परीक्षा में वह उम्मीदवार है, उसमें अयोग्य घोषित होने

बी) एक निश्चित समय या हमेशा के लिए बैंक द्वारा आयोजित परीक्षा या भर्ती में भाग लेने से वंचित रहने के उत्तरदायी होगा.

ठ. **समान प्रवृत्तियों की जांच हेतु बैंक उम्मीदवार के उत्तरों (रिस्पॉन्स) का विश्लेषण दूसरे उम्मीदवारों के साथ करेगा. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह शंका पाई जाती है कि उत्तर साझे स्तर पर किए गए हैं और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो बैंक के पास उसकी उम्मीदवारिता को समाप्त करने के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं.**

ड. **मोबाइल फोन, पेजर्स, कैलक्युलेटर्स या ऐसे किसी अन्य साधन का इस्तेमाल करना**

(i) परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या अन्य कोई संचार साधन ले जाने की अनुमति नहीं है. जो उम्मीदवार इन अनुदेशों का उल्लंघन करेगा उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं में प्रतिबंध करना भी शामिल है.

(ii) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि प्रतिबंधित चीजें, जैसे कि मोबाइल फोन/पेजर्स आदि परीक्षा केंद्र में न लाएं, क्योंकि इनको सुरक्षा के साथ रखने का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है.

(iii) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्युलेटर्स इस्तेमाल करने या रखने की अनुमति नहीं है.

ढ. **सामान्य जानकारियाँ:**

(i) उम्मीदवार स्वयं सुनिश्चित करें कि वह आवेदित पद के लिए योग्य हैं, बैंक ऑन-लाइन आवेदन में प्रस्तुत सूचना के आधार पर अपेक्षित शुल्क के साथ पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति देगा और उनकी पात्रता का निर्धारण केवल साक्षात्कार के समय किया जाएगा.

(ii) **उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वह फीस जमा करने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना ऑनलाइन आवेदन करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जैम के कारण वेबसाइट को लॉग ऑन करने में नाकामी/ अक्षमता/ डिसकनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.**

(iii) **उपरोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य किसी कारण से उम्मीदवार द्वारा अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन जमा न कर पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.**

(iv) **उम्मीदवार को एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं करना चाहिए, अगर कई आवेदन भेजें जाते हैं, तो केवल अंतिम मान्य (भरे हुए) आवेदन को ही रखा जाएगा तथा अन्य पंजीकरण के लिए आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा. किसी उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार में कई जगह उपस्थिति देने/शामिल होने पर उसकी उम्मीदवारिता को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा.**

(v) **परीक्षा के संचालन में कुछ समस्याओं के होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिससे परीक्षा देने और/या परिणाम पाने की स्थिति प्रभावित हो सकती है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को सुधारने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी, जिससे आवश्यक समझे जाने पर एक और परीक्षा का लिया जाना भी शामिल है.**

(vi) भर्ती के किसी भी चरण में जब पता चलता है कि उम्मीदवार ने पात्रता मापदंडों को पूरा नहीं किया है और/या उसने किसी भी गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी सामग्री तथ्य (तथ्यों) को दबाया है, ऐसे मामले में उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी. अगर इनमें से कोई कमी है/नियुक्ति के बाद भी पता चलता है, तो उसकी सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा.

(vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचना, कॉल लेटर्स/साक्षात्कार सूचना आदि को प्राप्त करने के लिए अपना ईमेल आईडी क्रियाशील रखें.

(viii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उसके संबंधित बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन है.

(ix) सभी मामलों में बैंक के निर्णय पात्रता, लिखित परीक्षा, अन्य परीक्षा और चयन और अंतिम और सभी उम्मीदवारो के लिए बंधनकारी होंगे. इस मामले में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(x) इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्युत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद हेतु कानूनी कार्रवाई मुंबई में ही शुरू की जा सकेगी और केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम को ही ऐसे मुद्दे/विवाद को निपटाने का एकल और एकमात्र अधिकार होगा.

12. **परीक्षा केंद्र (अनंतिम सूची)**

परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों पर हो सकती है और स्थान का पता कॉल लेटर्स में सूचित किया जाएगा. बैंक के पास अपने विवेक से, प्रतिसाद, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि पर निर्भर किसी भी परीक्षा केंद्रों को रद्द करने और/या अन्य कुछ केंद्र को जोड़ने का अधिकार सुरक्षित है. उम्मीदवार द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा अन्य केंद्र के लिए उस उम्मीदवार को आबंटित करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

जारी : पृष्ठः 3 पर

पृष्ठ: 2 से आगे



| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | केंद्र |
|---|---|---|
| 11 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर |
| 12 | आंध्र प्रदेश | चिराला<br>चित्तूर<br>गुंटूर<br>हैदराबाद<br>काकीनाडा<br>करीमनगर<br>खम्मम<br>कुरनूल<br>नेल्लोर<br>ओंगोले<br>पुत्तूर<br>राजमुंदरी<br>श्रीकाकुलम<br>तिरूपति<br>विजयवाड़ा<br>विशाखापट्टनम<br>विजयनगरम<br>वारंगल |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर<br>नाहरलागुन |
| 14 | असम | डिब्रूगढ़<br>गुवाहाटी<br>जोरहट<br>कोकराझाड़<br>सिलचर<br>तेजपुर |
| 15 | बिहार | आरा<br>औरंगाबाद<br>बिहार शरीफ<br>भागलपुर<br>दरभंगा<br>गया<br>हाजीपुर<br>मुजफ्फरपुर<br>पटना<br>पूर्णिया<br>समस्तीपुर<br>सीवान |
| 16 | चण्डीगढ़ | चण्डीगढ़ |
| 17 | छत्तीसगढ़ | भिलाई<br>बिलासपुर<br>रायपुर |
| 18 | गोवा | पणजी<br>वेर्णा |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद<br>आणंद<br>गांधीनगर<br>हिम्मत नगर<br>जामनगर<br>मेहसाणा<br>राजकोट<br>सूरत<br>वडोदरा |
| 20 | हरियाणा | अंबाला<br>बहादुरगढ़<br>हिसार<br>करनाल<br>कुरुक्षेत्र<br>पानीपत<br>पलवल<br>रोहतक<br>सोनीपत<br>यमुना नगर |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | बद्दी<br>बिलासपुर<br>धरमशाला<br>हमीरपुर<br>कांग्रा<br>कुल्लू<br>मंडी<br>शिमला<br>सिरमौर<br>सोलन<br>उना |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू<br>कठुआ<br>सांबा<br>श्रीनगर |
| 23 | झारखंड | बोकारो<br>धनबाद<br>हजारीबाग<br>जमशेदपुर<br>राँची |
| 24 | कर्नाटक | बेलगम<br>बेंगलूरू<br>बीदर<br>गुलबर्गा<br>हुबली<br>मैंगलूर<br>मैसूर<br>शिमोगा<br>उडिपी |
| 25 | केरल | अलापुझा<br>कण्णूर<br>कोच्चि<br>कोल्लम<br>कोट्टायम<br>कोझिक्कोड<br>मलप्पुरम<br>पालक्काड<br>त्रिचुर<br>तिरुवनन्तपुरम |
| 26 | लक्षद्वीप | कवरत्ती |
| 27 | मध्य प्रदेश | भोपाल<br>ग्वालियर<br>इंदौर<br>जबलपुर<br>सतना<br>सागर<br>उज्जैन |
| 28 | महाराष्ट्र | अमरावती<br>औरंगाबाद<br>चंद्रपूर<br>धुले<br>जलगाँव<br>कोल्हापुर<br>लातूर<br>मुंबई/ ठाणे/ नवी मुंबई<br>नागपुर<br>नांदेड<br>नाशिक<br>पुणे<br>रत्नागिरि<br>सांगली<br>सतारा |
| 29 | मणिपुर | इंफाल |
| 30 | मेघालय | री भोई<br>शिलांग |
| 31 | मिजोरम | आइजोल |
| 32 | नागालैण्ड | कोहिमा |
| 33 | दिल्ली- एनसीआर | दिल्ली<br>फरीदाबाद<br>गाजियाबाद<br>ग्रेटर नोएडा<br>गुडगाँव |
| 34 | ओडिशा | अनुगुल<br>बालेश्वर<br>बारगड़<br>बारिपदा<br>ब्रम्हपुर (गंजम)<br>भुवनेश्वर<br>कटक<br>ढेन्कानाल<br>झारसुगड़ा<br>राउरकेला<br>संबलपुर |
| 35 | पुदुचेरी | पुदुचेरी |
| 36 | पंजाब | अमृतसर<br>भटिंडा<br>फतेहगढ़ साहिब<br>जालंधर<br>लुधियाना<br>मोहाली<br>पठानकोट<br>पटियाला<br>फागवाड़ा<br>संगरूर |
| 37 | राजस्थान | अजमेर<br>अलवर<br>भीलवाड़ा<br>बीकानेर<br>जयपुर<br>जोधपुर<br>कोटा<br>सीकर<br>उदयपुर |
| 38 | सिक्किम | गंगटोक |
| 39 | तमिलनाडु | चेन्नई<br>कोयंबतूर<br>डिंडिगुल<br>कृष्णगिरि<br>मदुराई<br>नागेरकॉईल<br>नमक्कल<br>पेरंबलुर<br>सलेम<br>तंजावुर<br>तिरुचिरापल्ली<br>तिरुनेल्वेली<br>थुथुकुडी<br>वेल्लोर |
| 40 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 41 | उत्तर प्रदेश | आगरा<br>अलीगढ़<br>इलाहाबाद<br>बरेली<br>बुलन्दशहर |

जारी : पृष्ठ: 4 पर

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | केंद्र |
|---|---|---|
| | | गोरखपुर<br>झाँसी<br>कानपुर<br>लखनऊ<br>मथुरा<br>मेरठ<br>मुरादाबाद<br>मुजफ्फरनगर<br>उन्नाव<br>वाराणसी |
| 42 | उत्तराखंड | देहरादून<br>हल्द्वानी<br>हरिद्वार<br>रूड़की |
| 43 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल<br>ब्रम्हपुर (पश्चिम बंगाल)<br>बर्धमान<br>दुम्कल<br>दुर्गापुर<br>हुगली<br>हावड़ा<br>कल्याणी<br>कोलकाता<br>सिलीगुड़ी |

**किसी भी प्रकार की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी**

**मुंबई,** **महाप्रबंधक**

**तारीख : 05.04.2014**

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है: http://www.statebankofindia.com या http://www.sbi.co.in.**

**मुद्रण त्रुटि यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा**

---

**अनुलग्नक - I**

**(i) फोटोग्राफ इमेजः :**

- हाल ही में खींचा हुआ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ होना चाहिए.
- हल्की विशेषकर श्वेत पार्श्वभूमि युक्त रंगीन फोटोग्राफ.
- फोटोग्राफ के समय कैमरे की दिशा में तनावरहित सीधा चेहरा रखें.
- अगर फोटोग्राफ दिन के प्रकाश में हो, तो सूरज प्रतिमा के पीछे हो या आप अपने आपको फोटो छाया में रखें ताकि आपकी आँखे छोटी न लगे और अन्य कोई छाया का आवरण उस पर न हो.
- अगर आप फ्लैश का इस्तेमाल करते हैं, तो वहाँ 'रेड-आई' न हो.
- अगर आप चश्मा पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि वहाँ कोई प्रतिबिंब न हो और आपकी आँखे स्पष्ट रूप से नजर आए.
- टोपियाँ, हैटस् और काला चश्मा स्वीकार नहीं होगा. धार्मिक कारणों से पगड़ी जैसे वस्त्र की अनुमति है बशर्ते कि उससे आपका चेहरा न ढके.
- परिमाप 200 x 230 पिक्सैल (अधिमानतः).
- फाइल का आकार 20केबी से 50केबी तक होना चाहिए.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन्ड फोटोग्राफ का आकार 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाइल का आकार 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर के सेटिंग का समायोजन करें जैसे की डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि.

**(ii) हस्ताक्षर इमेजः**

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर सिर्फ आवेदक का ही हो. अन्य किसी व्यक्ति का न हो.
- अगर परीक्षा के समय आवेदक की उत्तर पुस्तिका पर किया हुआ हस्ताक्षर हॉल टिकट के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- परिमाप 140 x 60 पिक्सैल (अधिमानतः).
- फाइल का आकार 10 केबी से 20 केबी तक होना चाहिए.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन्ड फोटोग्राफ का आकार 20 केबी से अधिक न हो.

**फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षरः**

- स्कैनर रिजोल्यूशन न्यूनतम 200डीपीआई (डॉटस् पर इंच)रखें.
- रंग को सही रंग के लिए सेट करें.
- ऊपर निर्दिष्ट के अनुसार फाइल का साइज रखें.
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के अनुसार स्कैनर की इमेज को रखें. अपलोड एडीटर से अंतिम साइज की फोटोग्राफ बनाएं. (जैसे कि ऊपर लिखा गया है)
- इमेज फाइल JPG या JPEG फॉरमैट में हो, उदाहरण के लिए फाइल का नामः image01.jpg या image01.jpeg का आकार फोल्डर फाइल लिस्टिंग से या माऊस को फाइल इमेज आइकॉन पर घुमाने से आजमाया जाएगा.

उम्मीदवार जो एमएस विंडोज / एमएस ऑफिस का उपयोग करते हैं और एमएस पेंट या एमएस ऑफिस मैनेजर इस्तेमाल करने से 50 केबी और 20 केबी यथोपरी आसानी से फोटो और हस्ताक्षर JPEG फॉरमैट में प्राप्त कर सकते हैं. फाइल मैनू में 'Save As' विकल्प लेकर किसी भी फॉरमैट में स्कैन्ड फोटोग्राफ और हस्ताक्षर किसी भी फॉरमैट में Save किया जा सकता हैऔर ईमेज मेनू में क्रॉप और उसके बाद रिसाइज आप्शन का इस्तेमाल करके (पिक्सेल साइज के लिए, कृपया बिन्दु (i) एवं (ii) को देखें) फोटो की साइज 50 केबी से और हस्ताक्षर की साइज 20 केबी से कम तक घटाई जा सकती है.

**अगर फाइल साइज और फॉरमैट निर्धारित प्रकार के नहीं हैं, तो त्रुटि का संदेश स्क्रीन पर दिखाई देखा.**

ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध होगा.

**फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने की कार्यप्रणाली**

(i) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होंगे.

(ii) "अपलोड फोटोग्राफ / हस्ताक्षर " यथोपरी श्रृंखला पर क्लिक करें.

(iii) जहाँ पर स्कैन्ड फोटोग्राफ / हस्ताक्षर फाइल सेव की गई है, उस स्थान को ब्राउज कर निश्चित करें.

(iv) फाइल पर क्लिक करके चयन करें.

(v) अपलोड बटन क्लिक करें.